छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
**महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर**

No. RULE/644/2025-GAD-3 नवा रायपुर, दिनांक 16 /09/2026

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मंडल छत्तीसगढ़, बिलासपुर,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त जिलाध्यक्ष,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जिला पंचायत),
छत्तीसगढ़.

**विषय:-** **शासकीय सेवा में कार्यरत शासकीय सेवक, निगम/मंडल/संविदाकर्मी/नगर सैनिकों के कर्मचारियों द्वारा अन्य सेवाओं के लिए आवेदन किये जाने हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष के स्थान पर 45 वर्ष किये जाने बाबत्।**

संदर्भ:- सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र. 314/सी.आर.102/1(3), दिनांक 19.04.1973, सी-3-26/86/3/1, दिनांक 01.01.1987, सी-3/87/3/1, दिनांक 24.02.1987 एवं एफ 3-2/2015/1-3, 03.08.2024.

------

उपर्युक्त संदर्भित परिपत्रों द्वारा राज्य शासन के अधीन शासकीय सेवाओं में कार्यरत शासकीय सेवक, निगम/मंडल, संविदाकर्मी व नगर सैनिकों के कर्मचारियों द्वारा राज्य के विभिन्न पदों के लिए आवेदन किए जाने हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष निर्धारित की गई है।

2/ राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि शासन के अधीन शासकीय सेवा में कार्यरत शासकीय सेवक, निगम/मंडल, संविदाकर्मी व नगर सैनिकों के कर्मचारियों द्वारा अन्य सेवाओं के लिए आवेदन किए जाने हेतु अधिकतम आयु सीमा **38 वर्ष** के स्थान पर **45 वर्ष निर्धारित की जाती है,** इनको पूर्व में की गई सेवाओं का, आयु संबंधी कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलेगा।

3/ उक्त निर्देश गृह (पुलिस) विभाग की सेवाओं कें लिए लागू नहीं होंगे।

4/ यह निर्देश इसके जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होंगे।

**छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से**
**तथा आदेशानुसार,**

**(मुकेश कुमार बंसल)**
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

पृ. क्र. RULE/644/2025-GAD-3 नवा रायपुर, दिनांक 16 /09/2026

प्रतिलिपि:-

1. राज्यपाल के सचिव, लोक भवन, रायपुर
2. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
3. समस्त मा. मंत्रीगण के विशेष सहायक/निज सचिव, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
4. सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, नवा रायपुर अटल नगर
5. अवर सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
6. रजिस्ट्रार, माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर
7. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, निमोरा, रायपुर
8. सचिव, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रायपुर
10. सचिव, राज्य योजना आयोग/राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग/राज्य मानव अधिकार आयोग/राज्य निर्वाचन आयोग/राज्य सूचना आयोग/राज्य महिला आयोग/राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग/राज्य अनुसूचित जाति आयोग/राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग/राज्य अल्पसंख्यक आयोग/राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग/लोक आयोग/राज्य विद्युत नियामक आयोग, छत्तीसगढ़
11. आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन नई दिल्ली
12. महालेखाकार, छत्तीसगढ़, रायपुर
13. अवर सचिव, महाधिवक्ता कार्यालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर
14. नियंत्रक, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर अटल नगर
15. संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, नवा रायपुर अटल नगर
16. संचालक, शासकीय मुद्रणालय, नवा रायपुर अटल नगर
17. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (छप्ब्), मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाईट www.gad.cg.gov.in में अपलोड हेतु।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग